Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهٖ ۚ وَاعْفُ عَنَّا ۟ وَاغْفِرْ لَنَا ۟ وَارْحَمْنَا ۟ اَنْتَ مَوْلٰىنَا فَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ○

(सूरत अल-बक़रा आयत :287)

अनुवाद: और हे हमारे रब्ब, हम पर कोई इस प्रकार का न डाल जो हमारी ताकत से बढ़ कर हो और हमें क्षमा कर दे तू ही हमारा मौला है। अत: हमें काफिर क़ौम के मुकाबला में सहायता प्रदना कर।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

अंक 3

साप्ताहिक बदर क़ादियान

The Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

10 जमादी अव्वल 1440 हिजरी कमरी 17 सुलह 1397 हिजरी शमसी 17 जनवरी 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

दुनिया से उस की सुन्दरता से बहुत दिल न लगाओ, क़ौमी गर्व मत करो, किसी औरत से ठट्ठा हंसी मत करो, पतियों से वह मांग न करो जो उन का सामर्थय से बाहर हो, ताकि तुम मासूम तथा पवित्र होने की अवस्था में कब्रों में जाओ।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

इन मौलवियों पर अफ़सोस। यदि इनमें ईमानदारी होती तो वे संयम के मार्ग से अपनी संतुष्टि हर प्रकार से कराते। ख़ुदा ने तो नेक आत्माओं की संतुष्टि कर दी। परन्तु वे लोग जो अबूजहल की मिट्टी से बने हुए हैं वे उसी मार्ग को चुनते हैं जो अबूजहल ने चुना था। एक मौलवी साहिब ने **मेरठ** से रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किया है कि अमृतसर में **नदवतुलउलमा** का सम्मेलन है इस में आकर परस्पर वार्ता करनी चाहिए। परन्तु स्पष्ट रहे कि यदि इन विरोधियों की नीयतें अच्छी होतीं और विजय पराजय का विचार न होता तो उनको अपनी संतुष्टि हेतु नदवा इत्यादि की कोई आवश्यकता न थी। हम नदवा के विद्वानों को अमृतसर के विद्वानों से पृथक नहीं समझते। एक ही आस्था एक ही प्रकार एक ही तत्व है। प्रत्येक को अधिकार है कि **क़ादियान** में आए, परन्तु विवाद के लिए नहीं अपितु सत्य की खोज के लिए। हमारे भाषण को सुने। यदि सन्देह रहे तो शालीनता और शिष्टाचार के नियमों का अनुसरण करते हुए अपने संदेहों का निराकरण कराए। वह जब तक क़ादियान में निवास करेगा हमारा **अतिथि** समझा जाएगा। हमें नदवा इत्यादि की आवश्यकता नहीं और न उसकी ओर देखने की आवश्यकता है। ये समस्त लोग सच्चाई के दुश्मन हैं। परन्तु संसार में सच्चाई का प्रसार होता चला जाता है। क्या यह ख़ुदा का श्रेष्ठतम चमत्कार नहीं कि उसने आज से बीस वर्ष पूर्व बराहीन अहमदिया में अपनी ईशवाणी से स्पष्ट कर दिया था कि लोग तुम्हारी असफलता के लिए बड़े प्रयत्नशील रहेंगे और नाख़ूनों तक ज़ोर लगाएँगे परन्तु अन्ततः मैं तुम्हें एक बड़ी जमाअत बनाऊँगा। यह उस समय की ईशवाणी है जब कि मेरे साथ एक व्यक्ति भी नहीं था। फिर मेरे दावे के प्रकाशित होने पर विरोधियों ने एड़ी चोटी के ज़ोर लगाए। अन्ततः उपर्युक्त भविष्यवाणी के अनुसार यह सिलसिला फैल गया। आज की तिथि तक ब्रिटिश इण्डिया में यह जमाअत एक लाख से भी कुछ अधिक है। नदवतुलउलमा को यदि मरना याद है तो बराहीन अहमदिया और सरकारी लेख को देखकर बताएं कि क्या यह चमत्कार है या नहीं। फिर जब कि क़ुर्आन और चमत्कार दोनों प्रस्तुत किए गए तो अब विवाद किस लिए?

ऐसा ही इस देश के गद्दी-नशीन और पीरज़ादे धर्म से ऐसे दूर और अपने स्वयं के बनाए हुए रीति-रिवाजों में रात-दिन ऐसे व्यस्त हैं कि उनको इस्लाम की मुसीबतों और कठिनाइयों की कुछ भी सूचना नहीं। उनके जल्सों में यदि जाओ तो क़ुर्आन शरीफ़ और हदीस की पुस्तकों के स्थान पर नाना प्रकार के तंबूरे, सारंगियां, ढोलकियां और क़व्वाल इत्यादि बिदअत के सामन दृष्टिगोचर होंगे और फिर इसके बावजूद मुसलमानों के पेशवा होने का दावा, आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अनुसरण पर हंसी ठट्ठा और उनमें से कुछ स्त्रियों का लिबास धारण करते हैं और हाथों में मेंहदी लगाते हैं, चूड़ियाँ पहनते हैं और अपने जल्सों में क़ुर्आन शरीफ़ के बारे में कवितायें पढ़ना पसन्द करते हैं। ये ऐसे पुराने गंद हैं जिनके दूर होने की कल्पना करना भी कठिन है तथापि ख़ुदा अपनी शक्तियों का प्रदर्शन करेगा और इस्लाम का समर्थक होगा।

स्त्रियों को कुछ उपदेश

हमारे इस युग में कुछ विशेष कुरीतियाँ हैं जिनमें स्त्रियां उलझी हुई हैं। वह एक से अधिक विवाह को नितांत बुरी दृष्टि से देखती हैं या यों कहें कि वे उस पर ईमान नहीं रखतीं। उन्हें ज्ञात नहीं कि ख़ुदा की शरीअत में हर प्रकार की चिकित्सा निहित है। अत: यदि इस्लाम में एक से अधिक विवाह का मामला न होता तो ऐसी परिस्थितियां जो आज मनुष्यों के लिए दूसरे विवाह हेतु विवश कर देती है, इस शरीअत में उनका कोई समाधान न होता। उदाहरणार्थ यदि स्त्री दीवानी या पागल हो जाए या कोढ़ी हो जाए या सदा के लिए किसी ऐसी बीमारी का शिकार हो जाए जो बेकार कर देती है अथवा कोई अन्य ऐसी परिस्थिति समक्ष आ जाए कि स्त्री दया की पात्र हो, परन्तु किसी लिहाज़ से असमर्थ हो जाए और पुरुष भी दया का पात्र, जब वह बिना विवाह के धैर्य न रख सके। तो ऐसी स्थिति में पुरुष की शक्तियों पर अत्याचार है कि उसके दूसरे विवाह की अनुमति न दी जाए। वास्तव में ख़ुदा की शरीअत ने इन्हीं मामलों पर दृष्टि रखते हुए पुरुषों के लिए यह मार्ग

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-3)

हुज़ूर अनवर ने लजना से जो संबोधन फ़रमाया वह आज की समस्याओं का वास्तविक समाधान है, काश सारी दुनिया इस पर अनुकरण करे ।

जलसा ने हमें बहुत प्रभावित किया है। हुज़ूर ने जो शांति और प्रेम का संदेश दिया है, हम उसे आगे लाऐंगे। हुजूर अनवर ने इज़्ज़त तथा सम्मान तथा भाईचारे की जो सन्देश दिया इसी की आज दुनिया को ज़रूरत है। जलसा में इतनी बड़ी संख्या और अनुशासन को देखकर बहुत प्रभावित हुआ हूँ।

(सेनीगाल के एक बड़े शहर अमबोर के मेयर और सांप्रदाय मुरीद के ख़लीफा के प्रतिनिधि अल्हाजी फ़ालोसिला सिहब)

हुज़ूर अनवर का व्यक्तित्व बहुत नूर वाला है, हुज़ूर को देख कर और जमाअत अहमदिया के लोगों को देख कर पता चला है कि आज एकता केवल जमाअत अहमदिया के पास ही है हुज़ूर अनवर को राजनीतिक मामलों और दुनिया के हालात पर माहारत प्राप्त है। मैं समझता हूं कि जमाअत अहमदिया भविष्य में सभी मुसलमानों को जमा कर सकती है, मुझे यह जमाअत अपने लक्ष्य में बहुत गंभीर लगती है। मैं हमेशा इस जलसा को और हुज़ूर अनवर की मुलाकात को याद रखूंगा।

(ताज़ाकिस्तान के एक मेहमान और राजनेता मिर्ज़ा रहीम साहिब)

मैं जलसा की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हुई हूँ, आतिथ्य और सहयोग का यह उदाहरण मैंने जीवन में पहली बार देखा है। हुज़ूर अनवर ने लजना को जो संबोधन फ़रमाया वह आज की समस्याओं का वास्तविक समाधान है। काश सारी दुनिया इस पर अनुकरण करे। हुज़ूर अनवर को पत्रकारिता और आज के मीडिया के मुद्दों पर पर्याप्त महारत प्राप्त है। मैं मुलाकात से पहले, यह समझती थी कि कि हुज़ूर केवल आध्यात्मिक व्यक्ति है। लेकिन मुलाकात में पता चला कि हुज़ूर आध्यात्मिक व्यक्ति होने के साथ दुनिया के विभिन्न समस्याओं के विषय में जानकारी रखते हैं और हुज़ूर उन का समाधान देते हैं।

(एक मेहमान महिला व्याख्याता, दिल अफ़रोज़ रसतूमह साहिबा)

सारी व्यवस्था बहुत अच्छी थी, यह सब खिलाफ़त की बरकत है। हिजाब के बारे में हुज़ूर अनवर का विस्तृत जवाब बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हुज़ूर अनवर इस उम्र की महिलाओं के अधिकारों के बारे में बहुत चिंतित हैं। आज जमाअत अहमदिया ही है जो हुज़ूर अनवर के नेतृत्व में महिलाओं के अधिकार इस्लामी शिक्षा की रोशनी में उजागर कर रही है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ महिला को पर्दा वाली बना कर समाज तथा अगली पीढ़ी को संरक्षित कर रहे हैं।

(सम्मान अमान साहिब सदर जमाअत ताज़किस्तान)

जलसा में शामिल होने वाले सम्माननीय मेहमानों के ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं ।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

ख़िताब हुज़ूर अनवर काम करने वालों के निरीक्षण के अवसर पर

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने तशह्हुद तऊज़ तथा तसमिया के बाद फरमाया : अल्लाह तआला के फज़्ल से जमाअत अहमदिया जर्मनी का जलसा सालाना शुरू हो रहा है। अफसर साहिब जलसा सालाना और बाकी क्षेत्रों की भी जो रिपोर्ट मुझे मिली हैं उसके अनुसार अल्लाह तआला की कृपा से इस साल पाकिस्तान से जो नए लोग आने वाले हैं, उन्होंने भी जलसा की तैयारी के लिए अपने आप को पेश किया और नि:स्वार्थ हो उन्होंने बहुत सेवा की है। अल्लाह तआला उन सभी को बदला दे। जो लोग पहले से ही काम कर रहे हैं वे तो साथ काम कर ही रहे हैं। अल्लाह तआला उन्हें अधिक काम करने की तौफीक़ बढ़ाए तथा उनकी क्षमता को बढ़ाए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : जहां तक जलसा की व्यवस्था का संबंध है, इसमें प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ सुधार होता है। पिछले साल की कमियों की तरफ नज़र रखी जाती है। मुझे आशा है कि इस वर्ष भी जो ध्यान प्रबन्ध किए गए हैं उन में बेहतरी की तरफ ध्यान होगा और अब तक जो मैंने देखा है तो मेरा विचार है कि बेहतरी की गई है

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : इस वर्ष एक बात की शिकायत लोगों से आ रही है और इस विभाग के कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से इसे देखना होगा कि पहले ख़ुत्बा जुम्अ: के बाद नमाज़ पढ़ने के लिए ऊपर मंजिल पर अंतिम कोने में जाया करता था, अब मैं वहां नहीं जाऊंगा, बल्कि मैं यहां इसी हॉल में नमाज़ पढ़ाऊंगा। इसके लिए प्रबंधन करने वालों ने यह प्रबन्ध किया है बाहर एक मार्की लगाई गई है जिस में नमाज़ी अधिक होने पर नमाज़ पढ़ेंगे। उनका मानना है कि पूरा over flow इसमें आ जाएगा लेकिन जो मुझे लिखने वाले हैं उनका मानना है कि यह जगह तंग पड़ जाएगी। बहरहाल, जगह का तंग पड़ना एक आधार से तो अच्छा है लेकिन प्रशासन को यह देखना चाहिए कि इस कारण से किसी प्रकार का बुरा प्रशासन न हो। यदि वह जगह थोड़ी कम है तो इसकी वैकल्पिक व्यवस्था पहले से की जानी चाहिए। यह नहीं कि समय पर तुरंत प्रबंध किया जाना चाहिए। इसलिए, जैसा कि मैंने कहा, इस विभाग में काम कर रहे कार्यकर्ता, और पर्यवेक्षकों और उनके अफसर तथा नाज़िम पहले इस बात का ध्यान रख लें ताकि समय पर कोई भीड़ पैदा न हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : "इस व्यवस्था में, विशेष रूप से महिलाओं में, शौचालयों के लिए मैंने ध्यान दिलाया था, इस वर्ष इस में सुधार किया जाना चाहिए और बहुत संख्या में होनी चाहिए। उनके साथ महिलाओं की ज़रूरतें हैं और बच्चे हैं, इसलिए इस तरह उनकी ज़रूरत पुरुषों से अधिक है, और प्रबंधन पर भी ध्यान देना चाहिए। उन अधिकारियों को भी ध्यान देना चाहिए। जो लोग अफसर हैं उन को भी ध्यान देना चाहिए। यदि नहीं, तो यह सोचें कि 12 घंटे में या 24 घंटे में क्या किया जा सकता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ फरमाया: जो मूल बात काम करने वाले कार्यकर्ताओं की है जैसा कि मैंने कहा कि अब काम के आधार पर तो हर विभाग में कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो गए हैं, चाहे वह भोजन पकवाने

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

साक्षात आज्ञापालन तथा आज्ञाकारिता के आदर्श आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदरी सहाबी

हज़रत साबित बिन ख़ालिद अंसारी, हज़रत अब्दुल्लाहह बिन अरफा हज़रत उतबा बिन अब्दुल्लाह, हज़रत क़ैस बिन अबी सअसअः, हज़रत उबैदा बिन हारिस रज़ि अल्लाह तआला अन्हुम की पवित्र जीवनी का उल्लेख

इंडोनेशिया के एक पुराने सिलसिला के सेवस वाक्फे ज़िन्दगी, मुबल्लिग़ सिलसिला , पूर्व रईसुत्तबलीग़ और प्रिंसिपल जामिया अहमदिया इंडोनेशिया के रूप में सेवाएं करने वाले अदरणीय सियूती अहमद साहिब का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 30 नवम्बर 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ
اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔
غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज जिन सहाबा का वर्णन करूंगा उन में से पहले हज़रत साबित बिन ख़ालिद अंसारी हैं। यह कबीला बनू मालिक बिन नज्जार में से थे। जंग बदर और उहद में शामिल हुए और इसी जंग में शही हुए। कुछ के निकट बेअरे मऊना की घटना में शहीद हुए।

(अल्इस्तियाब जिल्द 1 पृष्ठ 198, प्रकाशन दारुल जैल बैरूत 1992 ई)

फिर अब्दुल्लाह इब्न अरफा हैं। आप हज़रत जाफ़र बिन अबी तालिब के साथ हिजरत हब्शा में शामिल हुए थे और एक रिवायत जो हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद की है वह कहते हैं कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें नज्जाशी की तरफ भेजा था और हम लोग उसी के पास थे।

(अहमद बिन हंबल जिल्द 2 पृष्ठ 201 हदीस 4400 मसनद अब्दुल्लाह बिन मसूद मुद्रित आलेमुल कुतुब बैरूत 1998 ई)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन अरफा जंग बदर में शरीक हुए थे।

(अल्इस्तियाब जिल्द 3 पृष्ठ 949 अब्दुल बिन इब्न अरफा, प्रकाशन दारुल जैल बैरूत 1992 ई)

फिर, अतबा बिन अब्दुल हैं उनकी माँ का नाम बुसरा-बिनत-ज़ैद था। बैअत उक्बः और उहद में शामिल हुए थे। (अल्इस्तियाब जिल्द 3, पृष्ठ 1026 उतबा बिन अब्दुल्लाह मुद्रित दैरूल जैल बैरूत 1992) (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 430 उतबा बिन अब्दुल्लाह मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990)

फिर कैस बिन अबी सअसआ हैं। यह अंसारी थे। हज़रत क़ैस के पिता का नाम अमरो बिन ज़ैद था, लेकिन वह अपने उपनाम अबू सअसआ से प्रसिद्ध थे। हज़रत क़ैस की मां का नाम शीबा बिनत आसिम था और हज़रत क़ैस सत्तर अंसार के साथ बैअत उक़बा में शामिल हुए थे और जंग बद्र और उहद में शामिल होने का भी उन्हें सौभाग्य मिला।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 392 क़ैस बिन अबी सअसअः मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

जंग बदर के लिए रवाना होते हुए नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने लश्कर के साथ मदीना से बाहर ब्यूतुस्सुकिया के पास ठहरे और कम उम्र बच्चे जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की साथ जाने के शौक में साथ चले आए थे वहाँ से वापस किए गए। फिर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा से इर्शाद फरमाया कि वह सुकिया के कुंए से पानी लाऐं। आपने इस का पानी पिया और फिर सुकिया के घरों के पास नमाज़ अदा की। सुकिया से प्रस्थान के समय, आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत क़ैस बिन अबी सअसअः को मुसलमानों को गिनने का आदेश दिया। इस अवसर पर आप ने उनको पानी पर निगरानी भी बनाया। उसके बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने खुद अबी अनबा कुएं के निकट जो मस्जिद नबवी से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर थी निवास किया। जब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि गिनती करो कितने हैं हज़रत क़ैस ने गिनती करके आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सल्लल्लाहो से निवेदन किया कि उनकी संख्या 313 है। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और कहा कि तालूत के साथियों की संख्या भी इतनी ही थी। सुकिया के बारे में यह नोट लिखा है, कि मस्जिद-ए-नबी से इस की दूरी दो किलोमीटर के क़रीब थी और इसका पुराना नाम हुसीकः था। हज़रत ख़लाद वर्णन करते हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हुसीकः का नाम बदल कर सुकिया रखा था। वह कहते हैं कि मेरे दिल में यह इच्छा पैदा हुई कि मैं सुकिया को खरीद लूं लेकिन मुझ से पहले ही हज़रत साद बिन अबी वक़ास ने उसे अपने दो ऊंटों के बदले में खरीद लिया और कुछ के अनुसार सात औकिया अर्थात दो सौ अस्सी दिरहम के बदले खरीदा गया। जब नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इस बात का ज़िक्र किया गया तो आप ने फरमाया कि सौदा बहुत फायदेमंद है।

(अस्सीरुतल नबविय्या अला ज़ौइल कुलआन लेखक मुहम्मद बिन मुहम्मद बिन सोलेम जिल्द 2 पृष्ठ 124 मकतबा अश्शामला), (सबलु हुदा वर्रशिाद जिल्द 4 पृष्ठ 23, 25 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1993), (यौमुल फुरकान इसरार जंग बद्र डाक्टर मुस्तफा हसन अलबदवी पृष्ठ 124 मुद्रित प्रकाशन अलमिनहाज बैरूत 2015), (इमताअल असमा जिल्द 8 पृष्ठ 341 दारुल कुतुब अल्इमिया बैरूत 1999 ई), (किताबुल मगाज़ी लिल वाकदी पृष्ठ 37-38 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2013)

इसी तरह, बदर के दिन, आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने साक़ा की कमान आप के ज़िम्मे सौंपी थी। साक़ा का लश्कर वह लश्क़र होता है जो जंग में सुरक्षा की लिए पीछे चलता है। एक बार उन्होंने आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा की में निवेदन किया हे अल्लाह के रसूल! मैं कितनी देर में कुरआन को सम्पूर्ण पढ़ूं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि पंद्रह रातों में। हज़रत क़ैस ने जवाब दिया, मैं ख़ुद में इस से अधिक का सामर्थय पाता हूं। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया "एक जुम्अः से लेकर अगले जुम्अः तक कर लिया करो। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप में इस से अधिक का सामर्थ्य पाता हूं। फिर उन्होंने एक लंबे समय तक, कुरआन की तिलावत की यहां तक कि जब आप बूढ़े हो गए और आप आंखों पर पट्टी बांधने लगे, तो आप ने पंद्रह रातों में कुरआन का दौर पूर्ण करना शुरू किया। तब वह कहा करते थे कि काश मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की छुट्टी को स्वीकार कर लिया होता।

(असदुल ग़ाबह 4 पृष्ठ 408 क़ैस बिन अबी सअसअः प्रकाशन दारुल कुतुब (2003 ई (ताजुल उरूस)

हज़रत क़ैस के दो बच्चे अल फाकिहः और उम्मे हारिस थे। इन दोनों की माता इमाम बिन मुआज़ थीं। हज़रत क़ैस की नस्ल आगे नहीं बढ़ सकी। हज़रत क़ैस के तीन भाई थे, जिन्हें आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुहबत से लाभांवित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लेकिन वे बद्र में शामिल नहीं थे। उन में से, हज़रत हारिस जंग यमामा में शहीद हुए और हज़रत अबूकलाबः और हज़रत जाबिर इब्न अबी सअसअः ने जंग मौतः में शहादत को पाया।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 392 कैस बिन अबी सअसअः प्रकाशन

दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

हज़रत उबैदह बिन हारिस एक सहाबी थे। हज़रत उबैदह बिन हारिस जो बनू मुतलिब से थे आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के करीबी रिश्तेदार थे (उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम.ए पृष्ठ 123-124) उन का सम्बन्ध बनू मुतलब से था। उन का उपनाम उबू हारसा था तब कि कुछ के निकट अबू मुआविया था। माता का नाम सुहैला बिन्त ख़ज़ाई थी। हज़रत उबैद आयु में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दस वर्ष बड़े थे। यह शुरुआती ईमान लाने वालों में से थे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दारे अरकम में शामिल होने से पहले यह ईमान लाने वाले थे। हज़रत अबू उबैदह, हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल्लाह असदी, हज़रत अब्दुल्लाह बिन अरक़म मख़ज़ूमी और हज़रत उस्मान बिन मज़ऊन एक ही समय में ईमान लाए थे। हज़रत उबैदह आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के निकट विशेष सम्मान रखते थे। हज़रत उबैदह बिन हारिस ने आरम्भ में इस्लाम स्वीकार किया था। और बनू अबदे मुनाफ के सरदारों में से थे।

(असदुल ग़ाबाह, जिल्द 5, पृष्ठ 547, उबैदह बिन हारिस प्रकाशन दारुल कुतब अल्इलमिया बैरूत 2003 ई) अल्असाब: फी तमीज़ स्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 353 उबैदह बिन अल्हारिस प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इमिया बैरूत 1995 ई)

हज़रत उबैदह बिन हारिस ने अपने दो भाइयों हज़रत तुफैल बिन हारिस और हज़रत हुसैन बिन हारिस के साथ मदीना की तरफ हिजरत की। और उनके साथ हज़रत मिस्तह बिन उसासा थे। सफर से पहले तय पाया कि यह लोग नाजह वादी में एक साथ जमा होंगे। परन्तु हज़रत मिस्ताह बिन उसासा पीछे रह गए। क्योंकि उन को सांप ने काट लिया था। अगले दिन उन को सांप के काटे जाने की सूचना मिली। अत: यह लोग वापस गए और उन को लेकर मदीना गए। मदीना में ये लोग हज़रत अब्दुर्रहमान बिन सलमाह के यहां रुके थे।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 37 उबैदह बिन हारिस मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उबैदह बिन हारिस और हज़रत उमैर बिन अलहुमाम के बीच एक भाईचारा स्थापित किया था। हज़रत उबैदह बिन हारिस और हज़रत उमैर बिन अलहुमाम दोनों जंग बद्र में शहीद हुए थे।

(अल्इस्तियाब जिल्द 3 पृष्ठ 1214 उमैर बिन अल-हुमैम, प्रकाशन दारुल जबल 1992 ई)

उनके दो भाई, हज़रत तुफैल बिन हारिस और हज़रत हुसैन बिन हारिस ने भी जंग बदर में आप के साथ शामिल थे।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 38-9 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना आकर कुफ़्फ़ार की बुराई से बचने के लिए और मुसलमानों को सुरक्षित रखने के लिए कुछ बातें दारण कीं जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उच्च राजनीतिक योग्यता और जंगी मुकाबला की दरदर्शिता का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसी का वर्णन करते हुए सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए ने लिखा है:

इतिहास से सिद्ध है कि पहला दस्ता ही जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उबैदा बिन अल्हारिस: की सरदारी में रवाना किया था और जिस का अकरम: बिन अबूजहल के गिरोह से सामना हो गया था उसमें मक्का दो कमज़ोर मुसलमान जो कुरैश के साथ मिलाए गए थे, क़ुरैश को छोड़ मुसलमानों में आ मिले थे इसलिए रिवायत में आता है कि ... "इस अभियान में जब मुसलमानों की पार्टी लश्करे कुरैश के सामने आई तो दो व्यक्ति मकदाद बिन अमरो और उतबा बिन ज़हरह जो बनू ज़हरा और बनो नोफल के सहयोगी थे मुशरिकीन से भागकर मुसलमानों में आ मिले और यह दोनों व्यक्ति मुसलमान थे और केवल काफिरों की आड़ लेकर मुसलमानों में आ मिलने के लिए निकले थे।" अत: इन जमाअतों को भिजवाने में एक उद्देश्य आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह भी था कि ताकि इस प्रकार के लोगों को ज़ालिम कुरैश से नजात मिल जाए और मुसलमानों में आ मिलने का मौका मिलता रहे।"

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम.ए पृष्ठ 324)

हिजरत के आठ महीने के बाद, आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उबैद: बिन हारिस को साठ या अस्सी सवारों के साथ भेजा। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उबैद: बिन हारिस: के लिए एक सफेद रंग का परचम बांधा जिसे मतह बिन असासा ने उठाया। इस सिरया का उद्देश्य यह था कि जो लश्कर भेजा गया है या सवारों का एक ग्रुप कि कुरैश के एक व्यापारिक काफिला को रास्ता में रोक लिया जाए। कुरैश के काफिला का अमीर अबू सुफियान था। कुछ के अनुसार अकरमा बिन अबू जहल और कुछ के अनुसार मिकरज़ बिन हफ्स है। इस काफिला में दो सौ आदमी थे, अर्थात काफिरों के काफिला में जो व्यापारिक माल लेकर जा रहे थे। सहाबा की इस जमाअत ने राबिग़ वादी में इस काफिला को जा लिया। इस स्थान को वद्दान भी कहा जाता है। दोनों पक्षों के बीच तीर अंदाज़ी के अतिरिक्ति कोई मुकाबला न हुआ। और लड़ाई की नियमित सफ बंदी न हुई। सह सहाबी जिन्होंने मुसलमानों के लिए पहला तीर चलाया वह हज़रत सअद बिन वक़ास थे। और यह वह पहला तीर था जो इस्लाम के लिए चलाया गया था। इस अवसर पर हज़रत मकदाद बिन असवद और हज़रत इयाना बिन गज़वान (इब्ने खशाम और तारीख़ तबरी में उतबा बिन गज़ावान भी है।) लिखा है मूर्तिपूजकों की जमाअत से निकल कर मुसलमानों से आ मिले क्योंकि इन दोनों ने इस्लाम स्वीकार कर लिया था और वह मुसलमानों में जाना चाहते थे। हज़रत उबैदह बिन हारिस: के के नेतृत्व में यह इस्लाम की दूसरी जंग थी। तीर चलाने के बाद दोनों पक्ष पीछे हट गए क्योंकि मुसलमान के बहुदेववादियों पर इतना रौब पड़ा कि उन्हें लगा कि मुसलमानों की एक विशाल सेना है जो उन की सहायता के लिए पहुंच रही है। अत: वे लोग जो डर कर पीछे हट गए और मुसलमानों ने उन का पीछा न किया।

(अस्सीरतुल हलबिया जिल्द 3,पृष्ठ 215-216, सिरया उबैदह बिन हारिसा: प्रकाशक दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002ई) (सीरत इब्न हश्शाम जिल्द 2 592 सिरया उबैदह: बिन हारिस प्रकाशक मुस्तफा अल्बाबी मिस्र 1955 ई) तारीख़ तिबरी जिल्द 2 पृष्ठ 12 सन 1 हिज्री प्रकाशक दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1987 ई)

गए तो थे परन्तु यह नहीं कि कोई पीछे गए थे। और नियमित जंग थी। दोनों तरफ से हमला हुआ उन्होंने भी हमला किया, इन्होंने भी तीर चलाए और उन्होंने भी तीर चलाए और आख़िर में जब कुफ्फार पीछे हट गए तो मुसलमान लौट आए।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने सीरत की किताब में लिखा है:

" जंग वद्दान से वापस आने पर रबीउल अव्वल महीने के शुरू में आप ने अपने एक करीबी रिश्तेदार उबैदा बिन हारिस मुतलबी के नेतृत्व में साठ सवार मुहाजरीन का एक दस्ता रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य भी कुरैश मक्का के हमलों की रोकथाम थी।" उद्देश्य वर्णन कर दिया है कि मक्का के कुरैश के हमलों को रोकना था। अत: जब उबैदह: बिन हारिस और आप के साथी कुछ दूरी तय कर के सनियय्यतुल मर्रह के पाश पहुंचें तो अचानक क्या देखते हैं कि कुरैश के पांच सौ हमला करने वाले अकरम: बिन उबू जहल की कमान में डेरा डाले पड़े हैं। दोनों पक्षों एक दूसरे के सामने हुए और एक दूसरे के मुकाबला में कुछ तीरंदाज़ी भी हुई लेकिन फिर मुशरकीन का समूह यह भय कर कि मुसलमानों की पीछे कुछ और फौज़ छुपी होगी।" कुछ और हो सकता है, लोग आ रहे हों, कोई लश्कर हो। "उन के मुकाबला से पीछे हट गए और मुसलमानों ने उनका पीछा नहीं किया। अलबत्ता मुशरिकीन की सेना में दो व्यक्ति मकदाद बिन अमर और उतबा बिन गज़वान अकरम: बिन अबूजहल के सेना से अपने आप भाग कर मुसलमानों के साथ आ मिले और लिखा है कि वह इसी उद्देश्य से कुरैश के साथ निकले थे कि मौका पाकर मुसलमानों में आ मिलें क्योंकि वह दिल से मुसलमान थे लेकिन अपनी कमज़ोरी के कारण क़ुरैश से डरते हुए हिजरत नहीं कर सकते थे और संभव है कि इसी घटना ने क़ुरैश को बद-दिल कर दिया हो और उन्होंने इसे बुरी सोचना समझकर पीछे हट जाने का फैसला कर लिया हो। इतिहास में यह उल्लेख नहीं है कि कुरैश का यह लश्कर , जो निश्चित रूप से एक वाणिज्यिक काफला नहीं था।" व्यापार की आड़ में, ये लोग एक नियमित सेना के साथ बाहर निकले थे, सशस्त्र थे। " और जिसके बारे में इब्ने इस्हाक़ ने महान लश्कर (यानी एक बड़ा लश्कर) के शब्द प्रयोग किए हैं किसी खास इरादे से इस तरफ आया था, लेकिन यह निश्चित है कि उनकी नीयत ठीक नहीं थी।" अच्छा इरादा बहरहाल वह नहीं आए, हमला करने आए और इसलिए पुरातत्वविदों ने भी व्यवस्था की। और निश्चित रूप से ऐसा लगता है कि पहली तार अदाज़ी भी काफिरों की तरफ से हुई थी।" और यह ख़ुदा तआला की कृपा थी कि उन्होंने मुसलमानों को चौकस पाकर अपने आदमियों में से कुछ को मुसलमानों की तरफ जाता देख कर उन की

हिम्मत नहीं हुई और वे वापस लौट गए। सहाबा कराम को इस अभियान का लाभ यह हुआ कि दो मुलमान रूहें कुरैश की क्रूरता से आज़ाद हो गईं।

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ 328-329)

आप रज़ि अल्लाह तआला अन्हों ने जंग बदर के अवसर पर मुसलमानों ती तरफ से वलीद बिन उत्बा के साथ मुकाबला किया। हदीसों में आता है कि कुरआन मजीद की एक आयत भी इस घटना के बारे में अवतरित हुई कि अत: हज़रत अली रज़ि अल्लाह तआला से रिवायत है कि

هٰذَانِ خَصْمَانِ اخْتَصَمُوْا فِيْ رَبِّهِمْ

(सूरत अल्हज्ज 20) उन लोगों के बारे में थी जिन्होंने बद्र वाले दिन मुबारज़त (आमने सामने का मुकाबला करना) की अर्थात हज़रत हमज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब, हज़रत अली बिन अबी तालिब और हज़रत उबैदा बिन हारिस और उतबा बिन रबीया, शैब: बिन रबिया और वलीद बिन उतब:।

(अल मुस्तदरक अला सहीहैन जिल्द 2 पृष्ठ 419 किताबुल तफसीर सूरत हज्ज हदीस 3456 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002 ई)

आयत का अर्थ है कि ये दो झगड़ा करने वाले हैं जिन्होंने अपने रब्ब के बारे में झगड़ा किया पूरी आयत इस तरह है

هٰذٰنِ خَصْمٰنِ اخْتَصَمُوْا فِيْ رَبِّهِمْ ۖ فَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا قُطِّعَتْ لَهُمْ ثِيَابٌ مِّنْ نَّارٍ ۖ يُصَبُّ مِنْ فَوْقِ رُءُوْسِهِمُ الْحَمِيْمُ

(सूरत अल्हज्ज 20)

ये दो झगड़ालू हैं जिन्होंने अपने रब्ब के बारे में झगड़ा किया। अत: वे लोग जिन्होंने इन्कार किया क्या उन के लिए आग के कपड़े काटे जाएंगे। उनके सिरों के ऊपर से गर्म पानी डाला जाएगा।

बहरहाल इस मुकाबला का अधिक विस्तार सुनन अबू दाऊद में इस तरह बयान किया है कि हज़रत अली से रिवायत है कि उतबा बिन रबिया और उसके पीछे उसका बेटा और भाई भी निकले और पुकार कर कहा कि कौन हमारे मुकाबला के लिए आता है? इतने में अंसार के युवाओं ने जवाब दिया। उतबा ने कहा, तुम कौन हो? उन्होंने कहा कि हम अंसार हैं। उतबा ने कहा कि हमें आपसे कुछ नहीं लेना है। हम अपने चाचा के बेटों से ही लड़ने का इरादा रखते हैं। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया, हे हमजा ! हे अली! खड़े हो जाओ। हे उत्बा बिन हारिस ! आगे बढ़ो हज़रत अली बताते हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आवाज सुनते ही हज़रत हमज़ा उतबा की तरफ बढ़े और मैं शीबह की तरफ बढ़ा और उबैदा बिन हारिस और वलीद के बीच झड़प हुई और दोनों ने एक दूसरे को बहुत घायल कर दिया। फिर हम वलीद की तरफ आकर्षित हुए और उसे मार दिया और उबैदह को हम मैदान जंग से उठा कर ले आए।

(सुन्नत अबू दाऊद किताबुल जिहाद फी मुबाज़रत हदीस 2665)

मुबारज़त के दौरान, उतबा ने हज़रत उबैदह बिन हारिस की पिंडली पर बहुत गहरा घाव लगाया। जिस से उन की पिंडली कट गई थी। फिर आप को आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उठवाया और जंगे बद्र की समाप्ति के बाद सफरा स्थान पर जो बद्र के पास एक स्थान है वहाँ आप का निधन हो गया और वहीं उन्हें दफन कर दिया गया।

(अल मुस्तदरक अला सहीहैन जिल्द 3 पृष्ठ 207-208 किताब मअरफते सहाबा मिन मनाक़िब उबैदा बिन हारिस हदीस 4862 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002) (हदीस का शब्दकोश किताब " स " पृष्ठ 67 मुद्रित मीर मोहम्मद पुस्तकालय आराम बाग़ कराची)

एक रिवायत के अनुसार, जब उबैदह की पिंडली काटी जा चुकी थी और उस से मग़ज़ बह रहा था। तब सहाबा हज़रत उबैदा को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास लाए तो उन्होंने अर्ज़ किया कि हे रसूलल्लाह! क्या मैं शहीद नहीं हुआ? जंग में घायल हो गए थे। उस समय तुरंत शहीद नहीं हुए थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया, "क्यों नहीं, तुम शहीद हो। एक रिवायत के अनुसार जब हज़रत उबैदा बिन हारिस को आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में लाया गया तो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सल्लल्लाहो ने अपने ज़ानों पर उनका सिर रखा फिर हज़रत उबैदा ने कहा काश अबू तालिब आज जीवित होते तो वह जान लेते जो वह प्राय: कहा करते थे कि

وَنُسْلِمُهُ حَتّٰى نُصْرَعَ حَوْلَهُ
وَنَذْهَلَ عَنْ اَبْنَاءِنَا وَالْحَلَائِلِ

कि यह झूठ है जो हम मुहम्मद को तुम्हारे हवाले कर दें। यह तभी संभव है कि जब हम आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आसपास से पछाड़ दिए जाएं और हम अपने बीवी बच्चों से भी अज्ञान हो जाएं। ये भावनाएँ थीं उन लोगों कीं। शहादत के समय हज़रत उबैदह बिन हारिस की आयु 63 वर्ष की थी।

(अल मुस्तदरक अला सहीहैन जिल्द 3 पृष्ठ 208 किताब मअरफतुस्सहाबा मिन मनाकिब उबैदह बिन हारस: हदीस 4863 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002) (असदुल ग़ाबह जिल्द 3, पृष्ठ 547 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2003 ई)

इनके कुछ सहाबा का उल्लेख करने के बाद अब मैं एक हमारे इंडोनेशिया के एक पुराने सेवक, वाक्फे ज़िन्दगी, मुबल्लिग़ सिलसिला का उल्लेख करना चाहता हूं जिनकी पिछले दिनों वफात हुई। उसका नाम था सैय्यत अहमद अज़ीज़ साहिब। 19 नवंबर को उन की वफात हुई। इन्ना लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। सियूती साहिब दिल की बड़ी बीमारी में पीड़ित थे और उपचार के लिए उन्हें रबवा भिजवाया गया था जहां ताहिर हार्ट इंस्टीट्यूट रबवा में उनकी एक बड़ी मेजर (major) सर्जरी हुई और कुछ दिन बाद 19 नवम्बर को वह स्वस्थ नहीं हो सके और वफात पा गए। पीछे रहने वालों में उनकी पत्नी, चार बेटे बेटियां और दस पोते, नवासे सवासियां हैं। इनमें से छह बच्चे वक्फे नौ में शामिल हैं।

सियूती अज़ीज़ अहमद साहिब का जन्म 17 अगस्त 1944 ई को बोने (Bone) साउथ सुलावेसी (South Sulawesi) में हुआ था। उन्होंने सितंबर 1966 ई से लेकर अक्टूबर 1971 ई तक जामिया अहमदिया में पढ़ाई की। उनकी नियुक्ति अप्रैल 1972 ई को मुख्य प्रचारक इंडोनेशिया के रूप में हुई थी। 1985 ई में उनके प्रदर्शन और कार्यक्षेत्र को देखने के बाद, उन्होंने शाहिद की उपाधि भी मिली। 2000 ई में, उन्हें हज बैतुल्लाह का सम्मान प्राप्त हुआ। 1972 ई से 1979 ई तक, सात वर्ष दक्षिण सुमात्रा (South Sumatra) सेवा, लम्पुंग, (Lampung) जंबी (Jambi) और बंगकुलु (Bengkulu) के मुबल्लिग़ के रूप में सेवा की। 1979 ई से 1981 ई तक, मुअल्लिम कक्षा में एक शिक्षक के रूप में कार्य किया। 1981 ई में, Purwokerto में एक मुबल्लिग़ बिन गए। फिर 1982 ई में, शिक्षक और मुबल्लिग़ों के स्कूल में उप-अधिकारी के रूप में। 1982 ई से 1992 ई तक, जामिया अहमदिया इंडोनेशिया के प्रिंसिपल थे। इस दौरान उन्हें 1985 ई में शाहिद की डिग्री मिली थी। 1992 ई से 2016 ई तक बीस साल तक रईसुत्तबलीग़ के रूप में काम किया। 2016 से वफात तक प्रिंसिपल जामिया अहमदिया इंडोनेशिया में के रूप में सेवा की।

1973 ई में उनकी शादी मुबल्लिग़ सिलसिला अब्दुल वाहिद साहिब की सुमात्री की बेटी के साथ हुई थी, जो कि मौलाना अब्दुल बासित साहिब अमीर जमाअत इंडोनेशिया की बड़ी बहन थी। उनके चार बच्चे हैं मर्दिया ख़ालिद, , हारिस अब्दुल बारी, सआदत अहमद और अलीत: अतिया अलीम हैं। अफीफा साहिबा की 2009 ई वफात हुई। उसके बाद, सियूती साहिब ने अरिना दमयन्ती साहिबा से शादी कर ली। उनसे कोई संतान नहीं है। उन्होंने एक बार अपने परिवार में अहमदियत के आरम्भ के बारे में एम.टी.ए का साक्षात्कार किया, जिसमें उन्होंने बताया था कि मेरे और मेरे परिवार की बैअत का सबसे बड़ा कारण यह था कि मेरे दादा ने यह वसीयत की थी कि आख़री जमाना में इमाम महदी आएगा। और जब वे आए तो तुम सब उस को स्वीकार कर लेना, इस वसीयत को पूरा करने के लिए हमारे परिवार ने दो बार हिजरत की। 1959 ई में हमारा परिवार लम्पसंग की तरफ हिजरत कर गया और 1963 ई में एक मुबल्लिग़ मौलाना ज़ैनी ढालन साहिब लम्पसंग में प्रचार करने आया और हम उनसे मिले। उन्होंने कहा कि इमाम मेहदी आ गया है। फिर मैंने उनसे पूछा कि इमाम मेहदी के आने का क्या प्रमाण है? उन्होंने हमें एक किताब 'अल-मसीहुल आख़रज़ुम्मान के सत्या हमें दी और हमें इस पुस्तक का अध्ययन करने के लिए कहा। जब मैंने इस पुस्तक का अध्ययन करने के लिए कहा। तो कहते हैं, कि जब मैंने इस किताब को पढ़ातो मुझे विश्वास हो गया कि जो इमाम महदी आने वाला था वह इमाम महदी आ गए हैं और वह इमाम महदी हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद कादयानी हैं। अत: कहते हैं कि 13 फरवरी 1963 ई को 19 वर्ष की उम्र में, मैं और मेरे परिवार के चौंतीस लोगों ने मौलाना ज़ैनई ढलान के माध्यम से बैअत की।

फिर यह और कहते हैं कि 1963 ई में रब्वा से वकीलुत्तबशीर साहिब बांडुंग आए। उस समय मैं भी वहीं था। जमाअत के कार्यक्रमों को देखने और प्रचारकों से मिलने पर मुझे जमाअत की सच्चाई स्पष्ट रूप से दिखाई दी। फिर जामिया में

प्रवेश करने के बारे में, 1963 ई में, मौलाना अबू बक्र, अयूब साहिब, जो उस समय दक्षिण सुमात्रा के प्रचारक थे, नौ मुबाईन की तरबियत के लिए लैम्पोंग आए। इस यात्रा के बाद, उन्होंने मौलाना सैयद शाह मुहम्मद जेलानी को रिपार्ट लिखी कि लम्पुंग के बुगियों के कुछ लोगों ने बैअत की है और इस समय तक इस क़ौम का कोई मुबल्लिग़ नहीं हैं जब कि जावा) और सनदा क़ौम के मुबल्लिग़ हैं। और उन्होंने लिखा कि मैंने तीन युवाओं को देखा है जिन्हें रब्वा में स्कूल भेजा जा सकता है। कहते हैं कि तीन में से एक नौजवान में था। तो कहते हैं कि हमें तीनों को जामिया रब्बा में भिजवाने की सिफारिश की गई। हमें पासपोर्ट बनवाने के लिए कहा गया था लेकिन उस समय इंडोनेशिया में राजनीतिक हालात अच्छे नहीं थे, पासपोर्ट नहीं बन सका। फिर 1966 ई में, मौलाना इमामुद्दीन साहिब के साथ पाकिस्तानी दूतावास में आवेदन किया और 15 मिनट के भीतर वीजा प्राप्त कर लिया। फिर कराची पहुंचे। वह कहते हैं कि कराची एक रात रहा। वहां से ट्रेन के माध्यम से रब्वा पहुंचा और फिर वहां से मैं स्टेशन से पैदल जामिया पहुंच गया।

कहते हैं कि जामिया के कई छात्रों ने मेरा स्वागत किया। एक नया माहौल था और शुरुआत में बहुत मुश्किल हुई, लेकिन फिर आदत पड़ गई। तीन दिन बाद कहते हैं कि मुझे जामिया में प्रवेश मिल गया। शिक्षकों में से एक हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के सहाबी मास्टर अता मुहम्मद साहिब थे। कहते हैं कि रब्वा में रहने के दौरान, मैंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कई सहाबा से मुलाकात की और हमेशा किसी सहाबी से मिलने का अवसर ढूंढता था और फिर उन से बातें करते हुए उन के पैर दबाया करता था। हज़रत ख़लीफतुल मसीह सालिस से एक अच्छी मुलाकात का वर्णन करते हुए कहता हैं कि जब हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़लीफा बने और मैं ने हुज़ूर से पहली मुलाकात की तो हुज़ूर ने गले लगाया हुज़ूर ने हमारा गाल पर अक थपकी देते हुए फरमाया कि यह इंडोनेशिया से आए हैं। तुम सब दूर से यहां आए हो (जितने विदेशी बच्चे हैं) और तुम मेरे बच्चे हो। कहते हैं कि हज़रत ख़लीफतुल मसीह का नूरानी नूर हमेशा मेरे साथ रहा जिस के कारण से हमारी सभी कठिनाइयां आसान हो गईं। हज़रत ख़लीफतुल मसीह ने जो कहा था कि अगर कोई मुशकिल आए तो मेरे पास आना। कहते हैं, जब मैं इंडोनेशिया वापस जाने लगा, तो लौटने से पहले मैं हुज़ूर से मिलने गया था। तो हज़रत ख़लीफतुल मसीह सालिस ने फरमाया कि आप को क्या चाहिए मैंने कहा मुझे कुछ किताबें चाहिए। मैं एक दफ्तर गया लेकिन मुझे नहीं मिली। हज़रत ख़लीफतुल मसीह ने अपनी क़लम से एक नोट लिखा कि सियूती को किताबें दे दें। इस के बाद कहते हैं कि मुझे रूहानी ख़जायन का सेट मिल गया जो अब तक मेरे पास है और जाने से पहले हुज़ूर ने बहुत देर तक मुझे अपने गले से लगाया और मेरे कान में फरमाया अपने आक़ा से बेवफाई मत करना। यह मेरी नसीहत है।

एक घटना लिखी है कि 1993 ई में अमीर साहिब, इंडोनेशिया लोबिस साहिब ने आलमी बैअत के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए मुझे फिलीपींस भेजा और कहा कि यह ख़लीफतुल मसीह राबे का आदेश है कहते हैं मैं तो बहुत कमज़ोर हों। मुझे भाषा भी नहीं आती। उन्होंने कहा कि मुझे आप पर पूरा भरोसा है। कहते हैं कि यह आप का आपका आदेश है तो मैं तैय्यार हूं। इसलिए मैं जमाअत के केंद्र से चलागया और वहां पहुंचने के लिए मनीला और ज़ाम्बोआंगा (ज़ाम्बोआंगा) शहर से गुज़रना पड़ता है। कहते हैं मैंने खाना खाया, मुझे बहुत सख्त पेट में तकलीफ हो गई। बड़ी कमज़ोरी हो गई। इस अवस्था में मैंने अल्लाह तआला से दुआ कि की हे अल्लाह अगर इस अवस्था में मैं यहां मर जाऊं तो यहां तो कोई मुसलमान भी नहीं है जो मेरी नमाज़ जनाज़ा पढ़ेगा। कहते हैं कि मैंने रात को ख़वाब में देखा कि एक नर्स यूनीफार्म पहने हुए मेरे पास आई है और मेरे सिर पर अपना हाथ फेरते हुए फूंका। उस समय मुझे लगा कि मेरा शरीर ठंडा हो गया है और मेरे पैरों की उंगिलयों से ठंडक निकली है। कहते हैं सुब्ह जब मैं उठा तो ठीक था। इसलिए मैं तावी-तावी की ओर प्रस्थान किया और अल्लाह तआला की कृपा के तीन महीने के अन्दर 130 आदमी बैअत कर के जमाअत में शामिल हो गए।

अब्दुल बासित साहिब अमीर जमाअत इंडोनेशिया के लिखते हैं कि सियूती अज़ीज़ साहिब को बहुत ही बारीकी से बेहनोई और मुबल्लिग़ के रूप में देखा और उन्हें अच्छी तरह से देखने का मौका मिला। वह बहुत ही सरल व्यक्ति था। विनम्रता और एकीकरण का उच्च स्तर था। हर अवस्था में धैर्य का उदाहरण थे। दुआ, अनुकंपा, अल्लाह तआला पर बहुत अधिक भरोसा था। उनके ख़िलाफत के निज़ाम और सिलसिला के ख़लीफाओं से हुत प्यार तथा मुहब्बत थी। जमाअत के कामों को अपने कामों पर प्राथमिकता देते थे। जो भी ज़िम्मेदारी, काम तथा उहदा आप को दिया जाता बड़े प्यार तथा वफा के साथ निभाते। चाहे वे मुबल्लिग़ के रूप में हों या विश्वविद्यालय के शिक्षक के रूप में या एक प्राचार्य के रूप में या एक रईसुसत्तब्लीग़ के रूप में एक वक्फे ज़िन्दगी के रूप में एक महान नमूना तथा उदाहरण थे।

मासूम, जो इंडोनेशिया विश्वविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल हैं, उन का कहना है कि सियूती साहिब दर्जा खामसाह, राबिया और सालसा को कुरआन का अनुवाद पढ़ाया करते थे। दर्जा मुबश्शर में कलाम पढ़ाया करते थे और पढ़ाने के लिए उन्होंने किताब इर्फाने इलाही का इंडोनेशिया की भाषा में अनुवाद किया था। जब बीमारी के कारण उनका स्वास्थ्य कमज़ोर हो गया था और चलना फिरना मुश्किल हो गया था, तब आप से छात्र उनके कार्यालय में पढ़ने आते थे। और रब्वा जाने से पहले ही, उन्होंने 8 नवंबर को आखरी क्लास ली। हमेशा यह कहा करते थे कि जामिया को अब शाहिद तक बढ़ा दिया गया है और ख़लीफतुल मसीह ने इसे मंजूरी दे दी है, इसलिए आपको ख़लीफतुल मसीह की इच्छाओं को पूरा करना है और कड़ी मेहनत करनी है।

उनकी एक बेटी मरदिया साहिबा लिखती है कि पिता जी ने अपना जीवन पूरी तरह से समर्पित कर दिया था। अपना सारा जीवन जमाअत के कामों में यहां तक कि हम यात्रा के लिए बहुत कम कहीं गए थे। लेकिन हम जानते थे कि वक्फे ज़िन्दगी की यही ज़िन्दगी है, यही उन्होंने अपने बच्चों को बताया कि वक्फे ज़िन्दगी का सारा समय जमाअत के लिए है फिर यह कहती हैं कि पिता जी का प्रशिक्षण करने में यह नियम था कि अधिक नसीहत नहीं किया करते थे बल्कि अपने कार्यों से व्यावहारिक नसीहत का प्रदर्शन किया। फिर यह कहती हैं कि जब मेरी माता बीमार हुईं, तो उन्होंने धैर्य से उन की सेवा की और घर का काम ख़ुद करते थे। रमज़ान के दिनों में, सहरी तथा इफ्तारी की तैय्यारी भी स्वयं किया करते थे और कभी किसी से नहीं कहते थे कि मेरे लिए अमुक काम कर दो। और काम अपने हाथ से करने की आदत थी।

उनके बेटे सआदत अहमद साहिब लिखते हैं कि हमारी तालीम बहुत धैर्य से करते थे, लेकिन नमाज़ के मामले में आप बहुत ताकीद करते थे। जब बचपन में नमाज़ का समय होता था, तो हमें मस्जिद में जाकर जमाअत के साथ नमाज़ अदा करने की नसीहत करते थे और अगर मैं मस्जिद में नहीं होता तो मुझे ढूंढते और फिर मुझे मस्जिद ले जाते। कहते हैं हमेशा यह कहा करते थे कि कभी नमाज़ न छोड़ना। नमाज़ के साथ सुन्नत भी पढ़ना और हमेशा कुरआन करीम की तिलावत करते रहना।

उनकी बेटी अतयतुल अलीम साहिबा कहती हैं कि पिता जा हमेशा सच कहा बोला करते थे और अपने बच्चों से कभी झूठ नहीं बोलते थे, भले ही मज़ाक़ में क्यों न हो। तहज्जुद कभी नहीं छोड़ते थे। हमेशा मस्जिद में जाकर जमाअत के साथ नमाज़ अदा करते थे। बीमारी के अलावा मैंने उन्हें घर पर कभी फर्ज़ नमाज़ अदा करने हुए नहीं देखा।

उनकी दूसरी पत्नी का कहना है कि उन्होंने रब्वा जाने से पहले मुझे और बच्चों को बताया कि मेरा परिवार, मेरे घर वाले और मेरे उत्तराधिकारी ख़िलाफत है और मेरा जीवन और मृत्यु जमाअत के लिए है। इस साल, जर्मनी के जलसा सालना पर भी बड़ी इच्छा से आए। बच्चों ने कहा भी कि बीमार हैं। उन्होंने कहा, मैंने समय के ख़लीफा से मिलना है। आए और आकर मिले भी और यह उनकी आख़री मुलाकात थी। वहां जर्मनी में मुझ से मिले थे। यह कहती हैं कि उत्कृष्ट पति थे। मैंने आज्ञा पालन का महत्व हमेशा आप से सीखा है। कभी भी जमाअत के कामों में अपनी

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं:

"इस्लाम वास्तविक मअरफत प्रदान करता है जिस से इन्सान के गुनाह के जीवन पर मृत्यु आ जाती है।"

(मल्फूज़ात भाग 3 पृष्ठ 181)

दुआ का अभिलाषी

धानू शेरपा, सेक्रेट्ररी अमूरे आमा,

जमाअत अहमदिया देव दमतांग

ज़िला नामची,सिक्कम

सेहत तथा स्वास्थ्य की परवाह नहीं करते थे।

सियूती अज़ीज़ साहिब के दामाद ज़की साहिब कहते हैं कि जब 2005 ई में यह ख़बर आई कि लोग हमारे केन्द्र पर हमला करने वाले हैं तो हमें केंद्र की सुरक्षा के लिए आने का आदेश दिया गया। कहते हैं कि मैं भी वहीं पर था। उस समय सियूती साहिब रईसुत्तब्लीग़ थे। मैंने देखा कि आप कभी डरते नहीं थे और बहादुरी से आधी-आधी रात को ख़ुद्दाम के पास जा-जाकर मिलते थे और कहते हैं कि मैंने उन में ख़िलाफत से बहुत अधिक मुहब्बत देखी। कहते थे कि मैं वक्फे ज़िन्दगी हूं और मैं जो भी करता हूं समय के ख़लीफा की मंज़ूरी से और उन के कहने पर करती हूं। 2017 में आप को स्ट्रोक हुआ था और थोड़ी समय बात नहीं कर पाए थे लेकिन फिर भी किताबों का अध्ययन करना जारी रखा और हमेशा यह कोशिश होती थी कि किसी तरह जामिया में जाकर बच्चों को पढ़ाऊं।

अहमद साहिब सैक्रेटरी तरबियत लिखते हैं कि अगर किसी से अच्छी सलाह मिलती तो उसे बहुत सम्मान के साथ धन्यवाद किया करते थे और जब भी किसी काम में कठिनाई हुई, तो उसने बड़ी ईमानदारी से परामर्श मांगते थे। अहमद नूर साहिब मुबल्लिग़ कहते हैं कि हमेशा बहुत सरलता से जीते थे लेकिन बहुत सम्मान वाले थे। बावजूद बड़ी आयु के जमाअत के कामों में वह हमेशा व्यस्त रहते थे मानो कि आप युवा ही थे। कहते हैं कि इन की एक नसीहत ख़ाकसार को हमेशा विनीत को याद रहती है वह यह है कि अल्लाह तआला के कभी मुंह न मोड़ना। अल्लाह तआला से मांगो वह अपने बन्दे की दुआ को कभी रद्द नहीं करता। कहते हैं कि शाहिद कक्षा के लिए साक्षात्कार हुआ था, तो आप ने रोते हुए और कांपते हुए विनीत से यह नसीहत की कि इस वक्फ को कभी मत छोड़ना। जो व्यक्ति इस वक्फ को छोड़ता है, वह बहुत हानि में होता है।

एक बयान करने वाले कहते हैं कि सियूती साहिब केंदारी पधारे तो उन्होंने नसीहत करते हुए कहा कि अगर मुरब्बी को जमाअत के निज़ाम की पाबन्दी करवाने में बाहरी तथा भीतरी समस्याओं का सामना हो, तो बिना भय के आगे बढ़ो और विश्वास करो कि अल्लाह तआला का समर्थन और सहायता आप के साथ है। लेकिन अगर व्यक्तिगत समस्याओं के कारण जमाअत की आपत्तियों का कारण हैं, तो इस के लिए समीक्षा करना और सुधार पैदा करना चाहिए। जमाअत के कामों में चिन्ता करने की ज़रूरत नहीं। अल्लाह तआला पर भरोसा करो और नेक नीयत्त से काम करो। लेकिन अगर आपकी व्यक्तिगत समस्याएं हैं, तो समीक्षा करें। ख़ालिद अहमद ख़ान साहिब मुबल्लिग़ सिलसिला लिखते हैं कि जामिया में पढ़ाई के दौरान सियूती साहिब रूहानी तथा नैतिक रूप से सियूती साहिब हमारे लिए एक उज्ज्वल उदाहरण थे। आप हमेशा समय पर बल्कि समय से पहले ही कई बार नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद में जाते थे। और आख़री दिनों तक बीमारी के बावजूद नमाज़ में हमेशा आगे रहे।

फिर मुबल्लिग़ सिलसिला हाशिम साहिब लिखते हैं कि जामिया में सियूती अज़ीज़ साहिब से इलमुल कलाम पढ़ने का सौभाग्य मिला थे। उनकी आदत थी कि पढ़ाने के समय छात्रों से सवाल तथा जवाब किया करते थे और छात्रों की तरफ से जवाबों के बहुत सराहते थे। एक बार उन्होंने हमसे पूछा कि जमाअत अहमदिया की सदाक़त की सब से बढ़ी दलील क्या है। कहते हैं कि मैंने एक एक कर के कुरआन मजीद के हवाले से जवाब देना शुरू किया। उन्होंने हमारे उत्तर सुने और कहा कि सच्चाई की सबसे बड़ी दलील मैं हूं अर्थात प्रत्येक अहमदी को अपने आप को सच्चाई की सब से बड़ी दलील समझनी चाहिए। फिर उन्होंने कहा कि तुम लोग अपने आप को इस योग्य बनाओ कि हम में से प्रत्येक इस जमाअत की सच्चाई का नमूना हो। यह उनके प्रशिक्षण का तरीका था कि यदि आप पूर्ण रूप से अहमदियत तथा पूर्ण इस्लाम का पालन करेंगे तो आप इस सिलसिला की सच्चाई की सब से बड़ी दलील बनेंगे। यह उनके प्रशिक्षण की शैली थी। ख़ुत्बे बहुत ध्यान से सुनते थे। और फिर मेरे ख़ुत्बे जो सुनते थे उन पर छात्रों से बातचीत करते थे, यह सुनिश्चित करते थे कि उन्होंने नोटिस लिए हैं और हमेशा यह देखते थे कि समय के ख़लीफ़ा के संदेश को समझा भी है या नहीं और हमेशा ख़िलाफत की इताअत के बारे में नसीहत करते थे ।

